भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 6262**

जिसका उत्तर 02.04.2026 को दिया जाना है

**औद्योगिक कलस्टरों तक सड़क संपर्क**

†6262. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कोल्हापुर जैसे जिलों में औद्योगिक विकास को प्रभावित करने वाले बुनियादी ढांचे की कमियों को चिह्नित किया है; और

(ख) औद्योगिक क्लस्टरों तक सड़क संपर्क में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) चालू वर्ष सहित विगत तीन वर्षों के दौरान कोल्हापुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास के लिए सरकार द्वारा 10,665 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर कुल 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच-48 के कागल से सतारा खंड को 6 लेन तक चौड़ीकरण करने के साथ-साथ एनएच-166 के रत्नागिरी-कोल्हापुर-सांगली-सोलापुर खंड को 4 लेन तक चौड़ीकरण करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। कोल्हापुर जिले के भीतर कागल महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी), गोकुल-शिरगांव एमआईडीसी, शिरोली एमआईडीसी, मंगराचीवाड़ी एमआईडीसी, अजारा एमआईडीसी और गडहिंग्लज (बद्याची वाडी) एमआईडीसी जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के खंडो पर फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण के साथ-साथ चौड़ीकरण परियोजनाएं सुचारू यातायात सुनिश्चित करेंगी और कोल्हापुर के औद्योगिक समूहों और मुंबई, पुणे, सतारा, सोलापुर और सांगली सहित प्रमुख शहरी केंद्रों के बीच संपर्कता को बढ़ाएंगी, साथ ही कर्नाटक के बेलगावी, हुबली और बेंगलुरु जैसे जिलों के साथ अंतर-राज्यीय संपर्कता को भी बेहतर बनाएंगी।

*********